आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 02.12.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कल द्वीपसमूह में अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन के नए मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार से मुलाकात की।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने फरारगंज और श्री विजयपुरम तहसीलों का दौरा कर विकासीय कार्यों का ज़ायज़ा लिया।
- दक्षिण अंडमान में पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका और मुंहपका रोग टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव में भाग लेने के लिए स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><>

विश्व एड्स दिवस के सिलसिले में कल अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली अंडमान क्लब से शुरू होकर शहर के अन्य भागों से होते हुए वापस अंडमान क्लब आकर संपन्न हुई। इस वर्ष का विषय है टेक द राइटस पाथ। इस अवसर पर एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्राता साहा ने कहा कि इस रैली का आयोजन लोगों में एड्स के बारे में प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए किया गया।

डॉ. साहा ने द्वीपसमूह में एड्स की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ सूजा एंथोनी के अलावा अन्य गणमान्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन के नए मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने द्वीपों से जुड़ी कई ज्वलंत मुद्दों को  मुख्य सचिव के समक्ष रखा। सांसद ने मुख्य

सचिव को द्वीपवासियों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर शुरू की जाने वाली विकासीय परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य सचिव ने सांसद को आश्वासन दिया कि वे सभी मामलों पर गौर करेंगे और समय पर सभी परियोजनाओं की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा करेंगे।

<><><><><><><>

आज असम स्थापना दिवस है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपों में रहने वाले असम राज्य के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उप राज्यपाल ने कहा कि असम राज्य अपने हरे–भरे चाय के बागानों, समृद्ध वन्य जीवन और विश्व स्तर पर प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के लिए प्रसिद्ध है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका और मुंहपका रोग टीकाकरण कार्यक्रम का तीसवां दौर कल शुरू हुआ। इस व्यापक कार्यक्रम में मवेशियों और भैंसों को टीका लगाना, पशुओं के कान में टैग लगाना और उन्हें पशुधन पोर्टल पर पंजीकृत करना शामिल है। पशुपालन विभाग ने इस पहल के लिए दस विशेष टीकाकरण दल गठित किए हैं। टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान, टीकाकरण दल मवेशियों और भैंसों में एफएमडी टीकाकरण करने के लिए क्षेत्र के सभी गांवों का दौरा करेंगे। पशुओं को टीका लगाने से न केवल उन्हें खुरपका–मुंहपका रोग के गंभीर प्रभाव से बचाया जा सकता है, बल्कि इससे संपूर्ण पशु आबादी का समग्र स्वास्थ्य और कल्याण भी बेहतर होता है। किसानों और पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों से इस महत्वपूर्ण प्रयास में विभाग को सहयोग देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के शतरंज खिलाड़ी और विवेकानंद केन्द्र विद्यालय के कक्षा छठी के छात्र जे.एस. विराट बैंकॉक में आज से ग्यारह दिसम्बर तक आयोजित होने वाले एशियाई स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस नौ दिवसीय चैम्पियनशिप में तीन चरणों में प्रतियोगिताएं होंगी। जे.एस. विराट प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले द्वीपसमूह के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस प्रतियोगिता में तीस एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के शतरंज खिलाड़ी और विवेकानंद केन्द्र विद्यालय के कक्षा छठी के छात्र जे.एस. विराट बैंकॉक में आज से ग्यारह दिसम्बर तक आयोजित होने वाले एशियाई स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस नौ दिवसीय चैम्पियनशिप में तीन चरणों में प्रतियोगिताएं होंगी। जे.एस. विराट

प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले द्वीपसमूह के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस प्रतियोगिता में तीस एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक किया जाएगा। कला और संस्कृति विभाग, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से श्री विजयपुरम और आस पास के विभिन्न स्थानों तथा बाहरी द्वीपों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। उत्सव में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन मांगे गए है। इन संगठनों को कम से कम तीन या इससे अधिक कार्यक्रम तैयार कर इसकी जानकारी देने को कहा गया है, ताकि चयन समिति को चयन करने में आसानी हो सके। निर्धारित प्रपत्र सेल्यूलर जेल परिसर स्थित विभाग के कार्यालय के अलावा प्रशासन की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। भरे गए फॉर्म सीधे या मेल के जरिए पांच दिसम्बर शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। सांस्कृतिक संगठनों को छः दिसम्बर को अंडमान क्लब में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए जी टी टी सुजीत कुमार रॉय से सभी कार्य दिवसों में फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले के रंगत तहसील के अंतर्गत बकुलतला गांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। प्रशासन ने नागरिकों को अतिक्रमण से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी साझा करने को कहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में जीएसटी सुविधा केंद्र जून दो हजार सत्रह से चालू है और करदाताओं को जीएसटी पंजीकरण, जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, रिफंड में मदद करने के लिए द्वीपसमूह के सामान्य सेवा केन्द्रों में हेल्प डेस्क भी खोले गए हैं। जीएसटी से संबंधित प्रश्नों में किसी भी सहायता की आवश्यकता वाले सभी पंजीकृत करदाता मुफ्त सहायता के लिए श्री विजय पुरम के पुराने जिला परिषद भवन के नए कार्यालय परिसर में यूटीजीएसटी विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>